**Title:** Need to review the decision of enhanced telephone rent being charged in rural areas of Ranchi Parliamentary Constituency - Laid.

**श्री राम टहल चौधरी (रांची) :** अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में जो ग्रामीण इलाके में टेलीफोन विभाग ने वहां कार्यरत टेलीफोन के बिल 100 रूपये के स्थान पर शहरी टेलीफोन के किराये के हिसाब से 360 रूपये के भेज दिये हैं, जो पहले के किराये से चार गुना अधिक है, जिसके कारण लोगों में काफी आक्रोश है। क्योंकि टेलीफोन विभाग के कर्मचारी कहते हैं पैसा जमा कीजिये अन्यथा वे टेलीफोन काट देंगे। इन सबके कारण वहां के लोग इन टेलीफोन को सरेंडर करवाने के लिए सोच रहे हैं क्योंकि गांव के किसान लोग 360/- रूपये के हिसाब से टेलीफोन का बिल वहन करने में असमर्थ है। इससे एक ओर गांव के लोगों को परेशानी बढ़ती है और दूसरी ओर सरकार की छवि खराब होती है। साथ ही इसकी जांच कर दोाी व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाये।

मैं सरकार के माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगा कि इन बिलों को ठीक किया जाये, जिससे लोगों को परेशानी न हो।